भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5585

27 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों में वृद्धि

†5585. डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजमः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मणिपुर में चल रहे संकट से प्रभावित महिलाओं और बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों में वृद्धि पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों में महिलाओं और बच्चों के लिए प्रदान की जाने वाली मानसिक स्वास्थ्य सहायता, परामर्श, अभिघात देखभाल और मनोसामाजिक सेवाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ग) हिंसा और विस्थापन से प्रभावित महिलाओं और बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग) वर्ष 2015-16 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस-I) आयोजित किया गया था। एनएमएचएस-I में, लंबे समय तक विस्थापन, शिक्षा में व्यवधान और हिंसा पीड़ित होने के कारण बच्चों और महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य विकारों की व्यापकता को अलग से दर्ज नहीं किया गया था।

मणिपुर राज्य ने सूचित किया है कि आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) की जांच, परामर्श और चिकित्सीय सहायता के लिए एक व्यवस्थित तंत्र स्थापित किया गया है और इस स्थिति से निपटने के लिए निम्नलिखित व्यापक उपाय किए गए हैं:

• राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधीन राज्य मानसिक स्वास्थ्य टीम और जिला मानसिक स्वास्थ्य सहायता टीमों का गठन किया गया है।

• टीमों में मनोचिकित्सक, नैदानिक मनोवैज्ञानिक, मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के मनोरोग नर्स और मणिपुर के पहाड़ी और घाटी वाले जिलों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) और परिवार नियोजन कार्यक्रम जैसे विभिन्न एनएचएम कार्यक्रमों के परामर्शदाता शामिल हैं।

• टीम नियमित रूप से निर्धारित दौरे करती है और आवश्यकतानुसार ऐसा करना जारी रखती है। 10 मार्च, 2026 तक, मानसिक स्वास्थ्य टीमों द्वारा आईडीपी राहत शिविरों के 1040 दौरे किए जा चुके हैं।

• स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की क्षमता को मजबूत करने के लिए, संवाद निम्हांस के सहयोग से मणिपुर के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) के कर्मचारियों और अन्य मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

*****